**प्रेस नोट** **दिनांक 26.08.2026**

**थाना कोतवाली नगर पर मुकदमें में बरामद अबैध कच्ची देशी शराब कुल मात्रा- 272.5 ली0, कराया गया विनिष्टीकरण-**

आपरेशन क्लीन आभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में बरामद/मुकदमाती मालों/अबैध शराब का कराया जा रहा विनिष्टीकरण, शराब विनिष्टीकरण के तहत मा0 न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मऊ के आदेश के क्रम में दिनांक 26.08.2026 को श्रीमान् नगर मजिस्ट्रेट मऊ के द्वारा गठीत टीम नायब तहसीलदार सदर मऊ श्री शेषमणि, राजस्व निरीक्षक सदर मऊ श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, लेखपाल सदर श्री पंकज चौहान, अपराध निरीक्षक कोतवाली नगर श्री सुभाषचन्द्र यादव, उ0नि0 श्री इसरार अहमद व अन्य पुलिस टीम की उपस्थिति में थाना कोतवाली नगर में कुल 23 अभियोंग से संबंधित अबैध कच्ची व देशी शराब नमूना माल निकालकर, शेष माल कुल मात्रा- 272.5 लीटर को गड्ढ़ा खोदवाकर गिराकर विनिष्टीकरण कराया गया ।

**जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में दिनांक- 26.08.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग- अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी /बरामदगी व विभिन्न मामलों में वारंटी अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

***थानावार कार्यवाही का विवरण***

1.थाना कोपागंज पुलिस द्वारा वसूली वारंटी अभियुक्त रसीद अहमद पुत्र लतीफुर्रहमान निवासी नई बस्ती पारा कुर्थीजाफरपुर थाना कोपागंज जनपद मऊ।

2.थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त रोशन कुमार पुत्र सीतलू निवासी हरपुर निलीताला थाना सरायलखंसी जनपद मऊ।

अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में दिनांक 26.08.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया**

इस अभियान के अंतर्गत 30 टीम गठित कर जनपद के 30 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1230 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 391 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।